10:16 Vo)) LTE 0.60 KB/s 5G 65%
<Untitled>



न्यूज डायरी

## श्री सार्वजनिक नव दुर्गा सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन



नवभारत. आरंग। स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में श्री सार्वजनिक नव दुर्गा सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा पूर्व कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन करना और आगामी शारदीय नवरात्रि की तैयारियों पर चर्चा करना था। सर्वसम्मति से समिति के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिन्हें माल्यार्पण तिलकधारित सौंपी गई हैं। अध्यक्ष आनंद मूर्ति अग्रवाल, सचिव विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बेनीराम भुतड़ा, सह सचिव परमानंद साहू, सांस्कृतिक सचिव सोमेश चौधे को दायित्व दिया गया है। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस वर्ष नई दुर्गा की स्थापना का 25वाँ वर्ष (रजत वर्ष) है। परिजनों का आरोप है कि 21 सितंबर से बीमार बच्ची का समुचित इलाज कराने के बजाय पोटाकेबिन प्रबंधन लगातार उन्हें फोनकर बच्ची को घर ले जाने के लिए कहता रहा। समय रहते बेहतर इलाज मिलता तो शायद बच्ची की जान बच सकती थी। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी और मासूम के साथ ऐसी लापरवाही न हो।

## 12 गांवों के 166 बच्चों को मिले स्कूल बेग और पानी की बोतल



तिल्दा-नेवरा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक कंपनी ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत शिक्षा सहायता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अंतर्गत 12 गांवों के 12 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में नवप्रवेशित 166 विद्यार्थियों को स्कूल बैग और पानी की बोतल वितरित की गई। पहल का उद्देश्य बच्चों को स्कूल की जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उनके विद्यालयीन जीवन को आसान बनाना और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्कूल बैग और पानी की बोतल मिलने से नवप्रवेशित विद्यार्थियों में भी उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम प्रतिनिधि, विद्यार्थियों के अभिभावक और विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने हिस्सी सीमेंट वर्क्स की इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रबंधन का आभार जताया।

## लखौली में आंगन मिलन सेवा सम्मान समारोह सम्पन्न



आरंग(लखौली)। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम लखौली में आंगन मिलन सेवा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पद्मिनी साहू रहीं।कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दिनेश चंद्राकर एवं धनंजय साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान कुल सेवाएँ पुलम प्रजापति, तोरण साहू, अंटारी सेन सर्वोत्तम, कुलदीप तिलक साहू, विभूषण यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह में रंगोली, मेहंदी और स्थानीय खेलों के आयोजन को उत्साहपूर्वक बना दिया। उपस्थित महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर सेवा, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया इस अवसर पर निशानित मीना साहू, जमुना कुर्मावी, अंजलि साहू, सुरेखा, नीलमणी बंजारे, सकुंतला, रूपा टंडन, सेमंत पर्यवेक्षक केसर द्विवेदी तथा ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा कार्यों में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के योगदान को सम्मानित किया गया।

पोटाकेबिन में इलाज के लिए तरस रही थी पहली कक्षा की बच्ची

# बीमार बच्ची को अधीक्षिका ने घर भेजा, अगले दिन मौत

नवभारत रिपोर्टर। कोटा।



'बीमार बच्ची को घर भेजा, जबकि रास्ते में नदी-नाले उफन रहे थे'

कोटा उपखण्ड मुख्यालय से करीब 21 सितंबर से बीमार थी। अधीक्षिका द्वारा इलाज कराने के बजाय परिजनों को बार-बार फोन कर बच्ची को घर ले जाने के लिए कहा जाता रहा। जब इलाके में नदी-नाले उफान पर थे, तब बीमार बच्ची को घर भेजने को मजबूर किया गया। इसके बाद बच्ची की हालत और बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि 21 सितंबर से बीमार बच्ची का समुचित इलाज कराने के बजाय पोटाकेबिन प्रबंधन लगातार उन्हें फोनकर बच्ची को घर ले जाने के लिए कहता रहा। सबसे गंभीर बात यह रही कि इलाके में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर थे और इसके बावजूद बीमार बच्ची को 27 सितंबर को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया गया। घर पहुंचने के अगले ही दिन 28 सितंबर की दोपहर बच्ची ने दम तोड़ दिया।

छात्रा के पिता मजदूरी जीवन के अनुसार बेटी की तबीयत 21 सितंबर से खराब थी। प्रबंधन की ओर से दोनपहान स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने की बात कही गई, लेकिन परिजनों का आरोप है कि समुचित इलाज कराने के बजाय 25 सितंबर से लगातार फोन कर बच्ची को घर ले जाने के लिए कहा जाता रहा। उस समय भारी बारिश के कारण रास्ते बंद जैसी हालात थे। नदी-नाले उफान पर थे, ऐसे में परिजन चाहकर भी पोटाकेबिन नहीं पहुंच सके। इसके बावजूद बच्ची को घर भेज दिया गया। 27 सितंबर को भाई उसे लेकर घर पहुंचा और अगले दिन उसकी मौत हो गई।

### जांच दल गठित

जी सरपंच जांच दल गठित किया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

सिलेन्द्र गजौर, डीएमपी मुख्यमा

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में भीमा साहू सम्मानित



आरंग(लखौली)। परियोजना अधिकारी आरंग केसर द्विवेदी के मार्गदर्शन में सुपरवाइजर की लखौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिल ग्राम उमरसरपंच श्रीमती पीमा साहू को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम पंद्राकर ने श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी केसर द्विवेदी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका सहित क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सेवा, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी गतिविधियों में भाग लिया।

## सचिव लोकनाथ को सेवानिवृत्ति पर विदाई



आरंग (लखौली)। ग्राम पंचायत कुकरा में 31 वर्षों की निष्कलंक सेवा के बाद पंचायत सचिव लोकनाथ साहू सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आरंग जनपद सचिव संघ ने विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें 25 हजार नगद, सवर, शॉल, प्रशस्ति, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्यअतिथि जनपद पंचायत आरंग के सीईओ राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सचिव संघ के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पाकरगांव पोल हादसे के दूसरे दिन चार घंटे धरना-चक्काजाम

**मृत मजदूरों का शव लेने से इनकार, 50 लाख और नौकरी पर अड़े परिजन**

नवभारत ब्यूरो। जशपुरनगर। पाकरगांव में पोल शिफ्टिंग के दौरान 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आकर दो श्रमिकों की मौत के बाद बुधवार को पाकरगांव में दिनभर महाचक्काजाम की स्थिति बनी रही। मृतकों के परिजन सात लोगों ने इकट्ठा कर 50 लाख रुपये मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े रहे। करीब चार घंटे तक विभिन्न अम्बलाल के सामने धरना देने के बाद मांगों पर सहमति नहीं बनने पर ग्रामीण सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। आंदोलन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट रही। मामले में जशपुर के एडिशनल एसपी राकेश पटनवार ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है। जांच में लापरवाही सामने आने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए थी। मंगलवार को पाकरगांव में शुटलक पेट्रोल पंप के सामने पोल शिफ्टिंग के दौरान खंभे अनियंत्रित होकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया था। हादसे में अलेख भगत निवासी भेड़ीमुडा और टोमन धुब निवासी बालनजोबि, सिंगेरुवन आए और घायल हो गए थे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

बिहारपुर। जिले के पांडनी-बिहारपुर मार्ग क्षेत्र में सुपवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नवाई स्थित पांडनी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार पिकअप और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक टी0६६-एच 9259 पर सवार स्थानिक पांडनी बिहारपुर क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास पिकअप वाहन ने उसको जोरदार भिड़ंत दी मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घायल के सिरनिशी जिले, मण्पवेटल निवासी होने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पांडनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# बस्तर की ओर कम से कम 10 दिन और नहीं चलेगी कोई ट्रेन

**मल्लीगुड़ा और जरति के मध्य घाटी में चल रहा पटरी दुरुस्ती का कार्य**

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।



केके रेल लाइन में मल्लीगुड़ा और जरति के मध्य घाटी इलाके में भू स्खलन और भारी बारिश के कारण रेल पटरियों के नीचे की मिट्टी पूरी तरह से बह गई हैं और वहां करीब 60 मीटर चौड़े क्षेत्र में 20 फीट गहरा गड्ढा गड्ढा हो गया है। रेल लाइन दुरुस्त करने एक दर्जन से ज्यादा मशीनों और 200 मजदूर लगे हुए हैं। इसके बावजूद कार्य को पूर्ण करने में कम से कम 10 दिन का समय और लगेगा इसलिए यात्रा की तारीख आगे 10 दिनों तक कोई ट्रेन नहीं चलेगी। जिसके चलते एक्सप्रेस और पैसेंजर से यात्रा करने वाले हजारों लोगों को अभी कोई राहत नहीं मिलेगी। ज्ञात हो कि जगदलपुर रेलवे स्टेशन से 90 किमी दूर मल्लीगुड़ा और जरति के मध्य 24 सितंबर गुरुवार की रात भारी बारिश और भूस्खलन के चलते 60 मीटर लंबे क्षेत्र में पटरी के नीचे की मिट्टी पूरी तरह बह गई है। जिसके चलते सितंबर 6 दिनों से रेल परिचालन पूरी तरह ठप है। रेल मार्ग बाधित होने के कारण किरंदुल से विशाखापट्टनम तक चलने वाली पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस का संचालन भी नहीं हो पा रहा है।

## तिल्दा-नेवरा में अग्रवाल समाज के विविध आयोजन



तिल्दा-नेवरा। अग्रवाल समाज तिल्दा-नेवरा द्वारा आयोजित जयंती के पूर्व समाजजनों को एकजुट करने और युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आयोजन खेल महोत्सव-2026 में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, मुद्दीछू, 100 मीटर रेस, रस्सी खींच सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान बैडमिंटन सिंगल्स एवं डबल्स, टेबल टेनिस, कैरम सिंगल्स एवं डबल्स, मुद्दीछू तथा शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 5 अक्टूबर से किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में समाज के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आयोजन समाज द्वारा आयोजित इस खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लोगों के बीच आपसी मेलजोल, सहभागिता और भाईचारे को बढ़ावा देना भी है। विभिन्न खेलों में अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतियोगियों की भागीदारी से आयोजन में उत्साह का माहौल बना हुआ है। अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित हो रहे इन कार्यक्रमों से तिल्दा-नेवरा में अग्रवाल समाज की गतिविधियों तेज हो गई हैं। खेल प्रतियोगिताओं के आलावा समाज के स्तर पर विभिन्न आयोजनों की तैयारियां भी की जा रही हैं। अग्रसेन महाराज के आदर्शों और सामाजिक एकता के संदेश के साथ समाजजनों को इन आयोजनों में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा** Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय धमतरी, प्रथम तल, सोनकर प्लाजा, रुद्री रोड, अम्बेडकर वार्ड धमतरी, छत्तीसगढ़- 493773, फोन: 9752371102
ई-मेल: recovery.dhamtari@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी सभी को आम जनता और विशेषकर कर्जदार(कों) एवं जमानतकर्ता(कों) को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रतिभूत्रित / गिरवी / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पास में, जिसका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है कि बिक्री निम्नलिखित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो है जहां है " , " जो है जैसी है " एवं " जो कुछ भी है " के आधार पर नकदी पर की जाएगी। कर्जदारों / जमानतकारों / गिरवीदारों एवंदल / बंधक / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है:-

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय 28.10.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक**

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता | पहले/प्रवर्तन संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अभिभार नहीं हैं. | पुल बकाया राशि | 1.प्रारक्षित मूल्य 2.बयाना राशि 3.बोली राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मोहम्मद शाहिद रजा पिता श्री मोहम्मद युसुफ (उपकर्ता), ग्राम- वेरान, पुलना रामपुर रोड जिला-धमतरी, छ.ग.- 493770 बीच्ची रफा रजा पति श्री मोहम्मद शाहिद रजा (सह-उपकर्ता) | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 33/25, सीट नं 39, मौजा- बलेना, वार्ड नं 06, ख.नं.- 19, आराजीयी और जिला- धमतरी, छ.ग.- 493773 , क्षेत्रफल - 1507 वर्गफीट हैं जो श्री मोहम्मद शाहिद रजा पिता श्री मोहम्मद युसुफ रजा के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- नहर रोड, दक्षिण- भारतीय की भूमि, पूर्व- भारतीय की भूमि, पश्चिम- रोड | रु 25,40,284.00 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 23,11,000.00 रु 2,31,100.00 रु 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 02 | श्री राकेश कुमार देवड़ा पिता श्री हजारी प्रसाद देवड़ा, मकान नं. 108, स्कूल पीछे, दानीटोला वार्ड, जिला- धमतरी, छ.ग.-493770 श्री हजारी प्रसाद देवड़ा पिता श्री स्वर्गीय लखन देवड़ा (जमानतदार),मकान नं. 108,स्कूल पीछे, दानीटोला वार्ड, जिला-धमतरी,छ.ग.-493770 | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित मकान नं. 108, वार्ड नं. 2303 / 2, दानीटोला वार्ड, धमतरी, तहसील, जिला- 493773 क्षेत्रफल- 4350 वर्गफीट है जो की हजारी प्रसाद पिता श्री स्वर्गीय लखन के नाम पर है सीमाएं उत्तर- अपनी खुली भूमि, दक्षिण- मुख्य सड़क, पूर्व- सोमूलाल साहू का मकान, पश्चिम- मोहन देवड़ा का मकान. | रु 48,52,926.86 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 1,08,00,000.00 रु 10,80,000.00 रु 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 03 | श्रीमती कमलीबाई दीवान पति नवीन श्रीवास्तव (उपकर्ता) और श्री नवीन श्रीवास्तव (सह-उपकर्ता) कजरन चारा, सोहला, जमुना विकास स्टोर के पास, वार्ड नं 06, भोपीसरा, मेहता मार्ग, धमतरी, दुर्ग, जिला - दुर्ग, छ.ग. - 490020. | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित मकान में संपत्ति सीट नं- 33 की, प्लाट नं 12/2, क्षेत्रफल- 101 वर्गमीटर, ग्राम - बांगसरा वार्ड, धमतरी, ख.नं. 33, आर.आई.सी., धमतरी , तहसील धमतरी , छ.ग. - 493773 है जो श्रीमती कमलीबाई दीवान पति नवीन श्रीवास्तव के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- गोलबाई का मकान, दक्षिण- गोपाल और कान्तिलाल का मकान, पूर्व - परमानंदीलाल पानवाले का मकान, पश्चिम- सीट नं 22. | रु 26,98,626.35 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 20,45,000.00 रु 2,04,500.00 रु 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 04 | श्री अनिल मालवीय पिता श्री लोकुलाल मालवीय (उपकर्ता) और श्रीमती सावित्री मालवीय पति श्री अनिल मालवीय (सह-उपकर्ता) केवरा पारा, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, वार्ड नं - 05 जिला- धमतरी, छ.ग.-493770, श्री मनोज इलामणी पिता श्री कमला राय इलामणी (जमानतदार) कोहिया हो रूम के पीछे, निर्मल भवन कांटा, रामपुर रोड, जिला- धमतरी, छ.ग. - 493770 । धमतरी मुख्या साखा 9903500393 | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित मकान में संपत्ति सीट नं- 05 की लोकुलाल मालवीय पति श्री अनिल मालवीय एवं श्रीमती सावित्री मालवीय के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- पोटेल वार्ड, वार्ड नं. 05 धमतरी, छ.ग., पिन- 493773, क्षेत्रफल- 1375 वर्गफीट है जो श्री अनिल मालवीय एवं श्रीमती सावित्री मालवीय के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- पोटेल जैन, पूर्व- एकता सिंह्रा, पश्चिम- रिनी खातका | रु 20,63,664.57 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 26,08,200.00 रु 2,70,000.00 रु 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 05 | मेसर्स विनय सेल्स कॉर्पोरेशन श्री विनय प्रताप सिंह (संचीत के पार्टनर), पता- कुर्रे टोला, मौजा-पुलगुं, तहसील और जिला- दुर्ग, छ.ग. | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित फ्लैट नं - 27, भवन सी, प्रथम मंजिल, कुर्रे टोला, मौजा-पुलगुं, पाटणी हाउस न.-40, आजादचौक-अंजा, तहसील और जिला-दुर्ग, छ.ग. खसरा न.-607/1, 607/2, क्षेत्रफल- 588.57 वर्गफीट है जो की विनय प्रताप सिंह के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- खुली जगह, दक्षिण- फ्लैट न.-25, पूर्व- खुली जगह, पश्चिम- निर्माणाधीन फ्लैट. | रु 20,47,336.36 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 12,15,000.00 रु 1,21,500.00 रु 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 06 | जमानतकर्ता- श्री हितेश कुमार चौधरी (द्वारा-मेसर्स श्री साई कृपा ट्रांसपो), पता-गिरधारी वार्ड, तहसील और जिला- दुर्ग, छ.ग. | सांपत्तिक संख्या आवासीय भूमि एवं भवन स्थित फ्लैट नं - 27, भवन सी, प्रथम मंजिल, कुर्रे टोला, मौजा-पुलगुं, पाटणी हाउस न.-40, आजादचौक-अंजा, तहसील और जिला-दुर्ग, छ.ग. खसरा न.-607/1, 607/2, क्षेत्रफल- 588.57 वर्गफीट है जो की विनय प्रताप सिंह के नाम पर हैं सीमाएं उत्तर- खुली जगह, दक्षिण- फ्लैट न.-25, पूर्व- खुली जगह, पश्चिम- निर्माणाधीन फ्लैट. | रु 39,39,004.78 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु 23,73,000.00 रु 2,37,300.00 रु 10,000.00 | भौतिक कब्जा |

संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 22.10.2026 दोपहर 1.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक। बिक्री संबंधित नियमित नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया अधिकृत ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें याची बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नंबर- 9752371102. पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक 01-10-2026, स्थान: धमतरी, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी,बैंक ऑफ़ बड़ौदा

**पंजाब नेशनल बैंक** पीएनबी आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, बिलासपुर (छ.ग.)

**ई-नीलामी तिथि - 27.10.2026**
समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

**सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक की बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री**
APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 9(6)]

सिक्योर्ड क्रेडिटर्स के प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य निदेशक प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अध्याय III के नियमों के तहत प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की गई है। इस सूचना के द्वारा जनसामान्य, जमानतकर्ताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक स्थानांतर/सीमित अधिकार में बिक्री किया जाएगा है कि जैसे है जैसा है, जो है जहां है और जो कुछ है के आधार पर। इन संपत्तियों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जमानतकर्ता से वसूली के लिए किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य तथा जमा राशि नीचे प्रतिभूत संपत्तियों के समक्ष उल्लेखित की गई है।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार का नाम / उपकर्ता / जमानतदार का नाम / पता का नाम | बंधक चल/अचल संपत्तियों का विवरण / संक्षिप्त का नाम | 1) दा(ं) के ज्ञात हितेंद्र धारक के हित 2) ज्ञात ऋणों 3) ज्ञात ऋणों के अलावा धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तारीख | आरक्षित मूल्य (राशि में) / ईएमडी (राशि में) / बोली वृद्धि राशि (राशि में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उपकर्ता- श्री एम प्रसाद रुबेन पिता स्वर्गीय श्री आलासीर पत्तन (सी-1), फ्लाट नं 206/28, 209/18, ए.ई.पी.टी. आवास कालोनी, श्रीमती श्रीनिवास कॉलोनी नगर, क्षेत्रफल- 8713 वर्गफीट, पीआर एवं एन एलएलपी, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ कॉलोनी, जमानतकर्ता- श्री एम प्रसाद रुबेन, कॉलोनी, पीएलपीसीपीएल ब्लाक्स कालोनी के पास, तखतपुर – बेलगी, जिला- श्री एम रुबेन कॉलोनी, श्री अनिल एम्बी कॉलोनी, श्री अनिल एम्बी कॉलोनी, श्री एम प्रसाद रुबेन कॉलोनी, श्रीमती श्रीनिवास